संख्या-225/2026/I/1343364/2026/001/ 23-6099/35/2024

प्रेषक,

सुबास राम,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-6 **लखनऊ : दिनांक 26 मई, 2026**

विषयः- वित्तीय वर्ष 2026-2027 में राज्य योजना (ग्रामीण) के अनुदान सं0-57/83 के अंतर्गत बरेली क्षेत्र के कतिपय जनपदों के 19 सेतुओं के चालू कार्य हेतु धनराशि का आवंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय प्रमुख अभियंता, (सेतु विंग), लो0नि0वि0, लखनऊ के कतिपय पत्रांक (तालिका के स्तम्भ-2 में अंकित) के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निम्न विवरणानुसार राज्य योजना (सामान्य) के अनुदान सं0-57/83 के अंतर्गत बरेली क्षेत्र के कतिपय जनपदों के 19 सेतुओं के चालू कार्य हेतु निम्नानुसार रू0 2721.26 लाख (रुपये सत्ताईस करोड़ इक्कीस लाख छब्बीस हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र0 सं0	कार्यालय मुख्य अभियन्ता (सेतु विंग) का पत्रांक	खण्ड/ जनपद का नाम	कार्य	स्वीकृति का शासनादेश संख्या	स्वीकृत / प्राविधिक/ बचत/ बचत के उपरान्त कार्य की लागत	अब तक आवंटन	अवशेष	आवंटन धनराशि		
								अनुदान सं0-57	अनुदान सं0-83	योग (9+10)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	21004/CE-SEB/RYB /BAR/2026 -27 Dt- 30-04-2026	नि.ख.-1 बरेली	कल्याणपुर इल विलउवा के मध्य गोहनिया नाले पर लघु सेतु पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य का निर्माण कार्य।	315/2025/आई/1130309/2025/23-6099/184/2025 - दिनांक-31-10-2025	372.73 372.73 69.86 302.87	86.37	216.50	78.79	21.21	100.00
2	तदैव	नि.ख.-1 बरेली	जनपद बरेली में दिजोड़ा नदी पर मोहम्मदगंज मजरा स्थित हरदोई घाट पर नये पान्टून सेतु/फेरी का निर्माण, संचालन, सुरक्षा एवं रख-रखाव का कार्य।	341/2025/आई/1145171/2025/23-6099/201/2025- दिनांक-17-11-2025	53.66 53.66 9.10 44.56	26.83	17.73	11.82	3.18	15.00
3	तदैव	नि.ख.-1 बरेली	जनपद बरेली में ग्राम सैजना की गौटिया से सैजना मार्ग पर हयूम पाइप कल्वर्ट के स्थान पर 4x5x5 मी बाक्स कल्वर्ट टाईप लघु सेतु का निर्माण कार्य।	344/2025/आई/1145165/2025/23-6099/178/2025 - दिनांक- 17-11-2025	135.44 134.53 14.91 119.62	0.85	118.77	39.40	10.60	50.00
4	21020/CE-SEB/RYB/ BAR/2026-27 Dt- 30-04-2026	प्रा.ख. बदायूं	विकास खण्ड दातागंज के ग्राम बसेला से बेनी नगला होते हुए अभयपुर मार्ग पर बेनी नगला से अभयपुर के बीच नरहा पर 3x6 मी० स्पान के लघु सेतु पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग निर्माण का कार्य	373/2025/आई/1167842/2025/23-6099/212/2025- दिनांक-08-12-2025	280.42 280.42 0.10 280.32	56.08	224.24	149.70	40.30	190.00
5	तदैव	नि.ख.-1 पीलीभीत	जनपद पीलीभीत में बरखेड़ा दौलतपुर उद्यनपुर सहास (अ०जि०मा०) मार्ग के किमी० 04 में बाढ़ से कट गयी पुलिया के स्थान पर बाक्स कल्वर्ट 3 सेल (3x3) पहुंच मार्ग, सुरक्षात्मक कार्य का नव निर्माण कार्य।	315/2025/आई/1130309/2025/23-6099/184/2025- दिनांक-31-10-2025	127.05 127.05 23.99 103.06	33.59	69.47	39.40	10.60	50.00

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

6	तदैव	नि.ख.-1 पीलीभीत	सतारपुर से पीटा कलाँ जाने वाले मार्ग (सडा नाला) पर 5 सैल 5x5 मी० का बाक्स कल्वर्ट, पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य।	315/2025/आई/1130309/2025/23-6099/184/2025-दिनांक-31-10-2025	251.63 251.63 43.00 208.63	29.13	179.50	63.03	16.97	80.00
7	तदैव	नि.ख.-1 पीलीभीत	जनपद पीलीभीत में आयी बाढ़ से क्षतिग्रस्त नगरिया फतेहपुर के निकट पुराने बीसलपुर मार्ग पर देवहा नदी पुल की अतिरिक्त पहुंच मार्ग के चैनेज 2.298 से 2.366 पर 6 सेल 3x 3 मीटर स्पॉन का बाक्स कल्वर्ट एवं पहुंच मार्ग, सुरक्षात्मक कार्य का नव निर्माण कार्य।	315/2025/आई/1130309/2025/23-6099/184/2025-दिनांक-31-10-2025	87.07 87.07 4.00 83.07	11.31	71.76	47.27	12.73	60.00
8	तदैव	नि.ख.-1 पीलीभीत	बरेली बीसलपुर मार्ग के किमी0 31 से भैसठा जलालपुर मार्ग के किमी० 02 में क्षतिग्रस्त कटान के स्थान पर 6 सेल 4x4 मीटर स्पॉन का बेलेसिंग बॉक्स कल्वर्ट एवं पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य।	315/2025/आई/1130309/2025/23-6099/184/2025-दिनांक-31-10-2025	127.77 127.77 21.01 106.76	26.34	80.42	39.40	10.60	50.00
9	तदैव	नि.ख.-1 शाहजहांपुर	जनपद शाहजहांपुर में रामगंगा पर पडने वाले खुबुपुर अचिन्तपुर घाट पर पान्टून पुल का निर्माण कार्य।	299/2025/आई/1126438/2025/23-6099/170/2025-दिनांक-29-10-2025	76.24 76.24 16.06 60.18	38.12	22.06	15.01	4.04	19.05
10	तदैव	नि.ख.-1 शाहजहांपुर	जनपद शाहजहांपुर में बहगुल नदी पर पडने वाले नौसारा घाट पर पान्टून पुल कार्य।	299/2025/आई/1126438/2025/23-6099/170/2025-दिनांक-29-10-2025	72.61 72.61 18.23 54.38	36.31	18.07	12.09	3.26	15.35
11	तदैव	नि.ख.-1 शाहजहांपुर	जनपद शाहजहांपुर में रामगंगा नदी पर स्थित वजीरपुर घाट पर पाण्टून पुल का निर्माण कार्य।	341/2025/आई/1145171/2025/23-6099/201/2025-दिनांक-17-11-2025	98.75 98.75 8.08 90.67	49.38	41.29	28.96	7.80	36.76
12	21133/CE-SEB/RYB/BAR/2026-27 Dt- 06-05-2026	नि.ख.-1 पीलीभीत	जनपद पीलीभीत में नगरिया फतेहपुर के निकट पुराने बीसलपुर मार्ग पर देवहा नदी पर सेतु की अतिरिक्त पहुंच मार्ग के चैनेज 1.323 से 1.391 पर 6 सेल (3X3 मीटर स्पॉन) की बॉक्स कल्वर्ट, पहुंच मार्ग, सुरक्षात्मक कार्य का निर्माण कार्य।	314/2025/आई/1130295/2025/23-6099/ 171/2025-दिनांक-31-10-2025	88.22 88.22 8.65 79.57	34.75	44.82	31.52	8.48	40.00
13	21893/CE-SEB/RYB/BAR/2026-27 Dt- 22-05-2026	सेतु निगम बदायूं	जनपद बदायूं में शाहबाद बिसौली कछला गंगाघाट (रा0मा0-109) के किमी0-38 में सोत नदी पर रानेट चौराहे समीप क्षतिग्रस्त दीर्घ सेतु के सामान्तर नये 02 लेन सेतु का निर्माण कार्य।	101 /2025/ 714/001-23-6099(099)/398/2024 Dt. 10.03.25	1611.96 1520.73 00.00 1520.73	1250.06	270.67	110.31	29.69	140.00
14	तदैव	सेतु निगम बदायूं	जनपद बदायूँ में तहसील सहसवान के ग्राम बडेरिया घाट-जरीफपुर गहरिया मार्ग के बीच महावा नदी पर सेतु, पहुॅच मार्ग, अतिरिक्त पहुॅच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य।	123/2025/846/23-6099/55/2025-दिनांक-23-03-2025	2184.93 2104.53 00.00 2104.53	1473.17	631.36	346.68	93.32	440.00
15	तदैव	प्रा.ख. पीलीभीत	जनपद पीलीभीत में पूरनपुर कलीनगर मार्ग किमी0-10 में क्षतिग्रस्त कॉजवे पर 5 x5 मी० स्पान के आर०सी०सी० लघु सेतु एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	315/2025/आई/1130309/2025/23-6099/184/2025-दिनांक-31-10-2025	277.34 277.34 1.99 275.35	76.71	198.64	118.18	31.82	150.00
16	तदैव	प्रा.ख. पीलीभीत	जनपद पीलीभीत में भौनी से करगैना पीरा मार्ग के किमी0-1 से अप्सरिया नदी पर जर्जर पुल निर्माण का कार्य।	331/2025/आई/1137725/2025/23-4099/12/2025-ई-1978170-दिनांक-10-11-2025	902.14 902.14 3.57 898.57	189.20	709.37	353.99	95.29	449..28
17	तदैव	प्रा.ख. पीलीभीत	जनपद पीलीभीत में पीलीभीत माधोटांडा कलीनगर शाहगढ़ आसाम मार्ग (अ०जि०मा०) कि०मी०-22, 23, 24, 25 एवं 39 में बाढ़ से क्षतिग्रस्त मार्ग के कटान पर आर०सी०सी० कल्वर्ट पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य।	342/2025/आई/1145110/2025/23-6099/167/2025-दिनांक-17-11-2025	678.29 678.29 2.55 675.74	17.54	658.20	266.21	71.66	337.87
18	तदैव	प्रा.ख. पीलीभीत	जनपद पीलीभीत में पूरनपुर खटीमा मार्ग (प्र0जि0मा0) कि0मी0-5,14,16,17 में आर0सी0सी0 कल्वर्ट, पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य।	374/2025/आई/1167989/2025/23-6099/226/2025-दिनांक-09-12-2025	975.90 975.90 40.00 935.90	271.03	664.87	368.70	99.25	467.95

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

19	तदैव	नि.ख.-1 शाहजहांपुर	जनपद शाहजहांपुर में कंकलिया धर्मपुर संपर्क मार्ग पर तीन सेल 3x4 मी0 स्पान के बॉक्स कन्वर्ट सुरक्षात्मक कार्य एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य	81/2026/आई/1263890/2026/23-6099/70/2026-दिनांक-12-03-2026	72.76 72.76 0.06 72.70	0.22	72.48	23.64	6.36	30.00
कुल योग								**2144.10**	**577.16**	**2721.26**

<u>नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों</u>

(1) उक्त धनराशि केवल अंकित परियोजना पर ही मानक व विशिष्टियों के अनुरूप व्यय की जायेगी तथा इसका उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा।

(2) राज्य योजनान्तर्गत निर्माणाधीन सेतु की गुणवत्ता एवं निर्माण की प्रगति की नियमित समीक्षा कर निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण किया जाय तथा समीक्षा रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध करायी जाय।

(3) उक्त सेतु के अंश, लोक निर्माण अंश में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष पृथक-पृथक वित्तीय प्रगति सहित वास्तविक भौतिक प्रगति तथा उपयोगिता प्रमाण-पत्र एवं उनके स्थलीय फोटोग्राफ शासन को उपलब्ध कराया जाय।

(4) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनांक 28.03.2026 में दिये गये दिशा निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) उक्त तालिका अंकित मूल स्वीकृति के शासनादेशों में उल्लिखित शर्ते व प्रतिबंध आदि यथावत लागू रहेंगी।

(6) लोक निर्माण विभाग में वर्तमान में प्रचलित व्यवस्थानुसार बजट का ऑनलाईन आवंटन किये जाने हेतु डी.डी.ओ. कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश सं0-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04.05.2022 निर्गत किया गया है। अत: अब समस्त धनराशि का आहरण-वितरण सम्बन्धी कार्य, आहरण-वितरण अधिकारी द्वारा वित्तीय हस्तपुस्तिका भाग-6 में निहित प्राविधानों एवं सम्बन्धित वित्तीय नियमों/शासनादेशों व उक्त शासनादेश दिनांक 04.05.2022 में निहित व्यवस्था के अधीन किया जायेगा।

(7) यदि उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव व सूचनाओं में कोई विसंगति/त्रुटि पायी जाती है, तो इसके लिए मुख्यालय/निगम/क्षेत्र के संबंधित अधिकारी पूर्णरूपेण उत्तरदायी होंगे। इसके अतिरिक्त मुख्यालय/निगम/क्षेत्र के संबंधित अधिकारियों द्वारा यदि किसी प्रस्ताव में कोई गलत सूचना देकर या छिपाकर अधिक धनराशि शासन से अवमुक्त करा ली जाती है अथवा व्यपगत धनराशि को चालू कार्य के रूप में स्वीकृत करा लिया जाता है, तो उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही के साथ ही यथापेक्षित धनराशि की वसूली भी सुनिश्चित की जायेगी।

(8) चालू कार्य की अवशेष धनराशि इस शर्त के अधीन है कि यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि अवमुक्त की जा रही धनराशि पूर्व में अवमुक्त नहीं हुई है। यदि कोई विसंगति/द्विरावृत्ति पायी जाती है तो शासन को तत्काल सूचित किया जायेगा। **वर्तमान आबंटन के आधार पर लागत में सम्मिलित अनुरक्षण की धनराशि को व्यय नहीं किया जायेगा।**

2- इस संबंध में होने वाला व्यय (1) रुपये 21,44,10,000 (रुपये इक्कीस करोड़ चौवालीस लाख दस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 057 लेखा शीर्षक 5054041010421 कृषि विपणन सुविधा हेतु ग्रामीण सेतु निर्माण कार्य (चालू योजना) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य (2) रुपये 5,77,16,000 (रुपये पाँच करोड़ सतहत्तर लाख सोलह हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 083 लेखा शीर्षक 5054047891400 कृषि विपरण सुविधाओं हेतु ग्रामीण सेतुओं का निर्माण (चालू कार्य) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनांक 28.03.2026 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(सुबास राम)
संयुक्त सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

(1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।
(2) महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।
(3) संबंधित मण्डलायुक्त/संबंधित जिलाधिकारी ।
(4) संबंधित मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग ।
(5) वित्त नियन्त्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
(6) प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लिमिटेड, लखनऊ।
(7) संबंधित कोषाधिकारी।
(8) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8।
(9) राज्य योजना आयोग अनुभाग-1/2 ।
(10) नोडल अधिकारी, बजट अलाटमेंट, लोक निर्माण विभाग ।
(11) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(सुबास राम)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।